## समाचार

## छात्राओं को साईकिल वितरण किया महापौर व विधायक ने

### (ज्योति उ.मा.वि. मिशन स्कूल कोरबा में हुआ आयोजन)






कोरबा 14 जुलाई 2017 – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिशन स्कूल कोरबा की छात्राओं को सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत साईकिलों का वितरण किया। छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने मेहनत के साथ पढ़ने, आगे बढ़ने तथा स्कूल एवं जिले का नाम रोशन का करने का आव्हान किया।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत राताखार स्थित ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिशन स्कूल कोरबा में साईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए 46 छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूर्ण परिश्रम के साथ अध्ययन कार्य करें, आगे बढ़े तथा स्कूल व जिले का नाम रोशन करें, उन्होने कहा कि ज्ञान मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है तथा यह सबसे बड़ा धन है, इस धन का बटवारा नहीं हो सकता, अतः छात्र–छात्राओं को अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मैं आज मिशन स्कूल के बच्चों के बीच उपस्थित हॅूं , यह विद्यालय पुराना विद्यालय है तथा इस विद्यालय की अपनी एक विशिष्ट पहचान है, उन्होने कहा कि इस विद्यालय से अब तक लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर निकल चुके हैं। नगर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रूप से बच्चों को उत्तम शिक्षा–दीक्षा एवं उन्हें अच्छी शैक्षाणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, हम सभी का महत्वपूर्ण दायित्व है। शिक्षा के उचित वातावरण से बच्चो में अध्ययन के प्रति आकर्षण बढ़ता है, अतः हम सभी को सामूहिक रूप से तथा व्यक्तिगत रूप से भी इस दिशा में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

<u>विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण</u> – इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया, तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षमित्र योजना का

शुभारंभ निगम क्षेत्र में किया गया है, इस योजना के तहत अभी तक काफी संख्या में पौधे रोपित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत आमजन यदि वृक्षारोपण करना चाहते हैं तो उन्हे विभिन्न प्रजातियों के पौधे निगम द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होने आगे कहा कि पौधों का रोपण कर देना ही काफी नही है, बल्कि रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, अतः हम सभी का यह निरंतर प्रयास होना चाहिए कि हम पौधों के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूर्ण रूप से तत्पर रहें। उन्होने कहा कि इस विद्यालय परिसर में वर्ष 2005 में सागौन के पौधे लगाए गए थे, जो आज वृक्ष के रूप में हमारे सामने हैं, मुझे विश्वास है कि आज जिन पौधों का रोपण किया जा रहा है, वह भी पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेंगे तथा आगे चलकर वृक्ष का रूप धारण करेंगे।

**योग में अच्छे प्रदर्शन हेतु बच्चों को प्रशस्ति पत्र** – प्राकृतिक निकेतन योगाश्रम सेवा समिति कोरबा द्वारा आयोजित योग महोत्सव में विद्यालय के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किए गए थे। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन बच्चों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मंगल बुधिया, संतोष लांझेकर, मनीषा अग्रवाल, साहिदा कुरैशी, कन्हैया सोनी, संजय शाह, फारूख मेमन, विनोद सोनकर, भोला सोनी, अनुप जायसवाल, मनोज साहू, प्रदीप पुराणे, विकास गुप्ता, स्कूल प्रबंधक बी.पी.सोना, प्राचार्य डी.के.यादव आदि के साथ विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र–छात्राएं एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।